Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
<u>(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)</u>

संख्या :–17 नि0 विशेष सर्वेक्षण (प्रशिक्षण कोषांग) – 107 / 2019 ..10080..

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

1. **M/s IIC Technology,**
   Hydrabad.
2. **M/s IL&FS Envirommental Infrastructure Service Ltd.**
   New Delhi.
3. **GIS Consortium Ltd.**
   New Delhi

पटना, दिनांक :29-06-2020

विषय :– विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त के लिए चयन किये गए प्रथम चरण के 20 जिलों में विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्य प्रारंभ करने के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय का पत्रांक–10009 दिनांक–20.06.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त का कार्य प्रथम चरण के 20 जिलों में प्रारंभ करने के लिए निदेशालय द्वारा अंचलों का चयन, शिविर का गठन एवं जिलों में पदस्थापित किये जाने वाले विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो एवं विशेष सर्वेक्षण अमीन के संबंध में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा कार्य योजना तैयार कर पत्रांक–10009 दिनांक–20.06.2020 द्वारा आपको उपलब्ध करायी गई है। इस संबंध में आपके द्वारा की गई जाने वाली कार्रवाई के संबंध में प्रतिवेदन अप्राप्त है। इस पत्र के पूर्व समय–समय पर निदेशालय द्वारा विशेष सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ करने एवं जिलावार / ग्रामवार आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता के लिए निदेशालय द्वारा आपको निरंतर निदेश दिये गए है। इसके आलोक में अपेक्षा की जाती है कि आपके द्वारा सभी जिलों में विशेष सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ करने के लिए सभी तैयारियॉं पूर्ण कर ली गई होगी। इसके आलोक में अनुरोध है कि निम्नांकित बिन्दुओं पर यथाशीघ्र प्रतिवेदन तैयार कर निदेशालय को समर्पित किया जाय :–

1. सभी 20 जिलों में हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के कार्यालय की स्थापना एवं कर्मियों की पदस्थापना संबंधी विवरणी।
2. निदेशालय के पत्रांक–10009 दिनांक–20.06.2020 के आलोक में प्रारंभिक स्तर का कार्य प्रारंभ करने के पश्चात् विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम नियमावली के आलोक में किये जाने वाले कार्यो के लिए प्रत्येक कार्यरत विशेष सर्वेक्षण अमीन को ई0टी0एस0 मशीन एवं ऑपरेटर उपलब्ध कराये जाने संबंधी कार्य योजना।
3. विशेष सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ करने वाले जिलों में अबतक समर्पित किये गए मानचित्रों (संशोधित मानचित्र सहित) की समेकित अद्यतन प्रतिवेदन।
4. निदेशालय द्वारा विशेष सर्वेक्षण अमीन को सभी संबंधित जिलों में दिनांक–03.07.2020 से 27.07.2020 तक पदस्थापित किया जाएगा। जिलों के जिन अंचलों में कार्य प्रारंभ किया जाना है। इस संबंध में जिला स्तर पर अवगत हो लें एवं तत्पश्चात् संबंधित ग्रामों के मानचित्र को शिविर में उपलब्ध कराये जाने की कार्य योजना।
5. जिलों में आवश्यक मानचित्रों की आपूर्ति के लिए आवश्यकतानुसार प्लॉटर की स्थापना किये जाने संबंधी प्रस्ताव।

6. वर्त्तमान समय में विशेष सर्वेक्षण कार्यरत अंचल क्रमशः बेगूसराय सदर अंचल, घाटकुसुम्भा एवं पिपरा अंचल में अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एवं निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा क्रमशः दिनांक–11.02.2020, 22.01.2020 एवं 04.02.2020 को दिये गए निदेश के अनुपालन में कार्य प्रारंभ करने के लिए आवश्यक मानचित्रों में दी जाने वाली आवश्यक विवरणी, मोन्यूमेंटेशन के संबंध में की जाने वाले कार्रवाई, मोन्यूमेंटेशन के प्रश्चात् डी0जी0पी0एस0 रिडिंग एवं उनके संधारण इत्यादि के संबंध में दिये गए निदेश (सभी जिलों के लिए लागू) का अनुपालन के संदर्भ में कृत कार्रवाई प्रतिवेदन।

उपर्युक्त सभी बिन्दुओं की समीक्षा अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा दिनांक–08.07.2020 को की जानी है। अतः इस संबंध में दिनांक–08.07.2020 के पूर्व प्रतिवेदन निदेशालय को उपलब्ध कराते हुए प्रतिवेदन के साथ बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 27/6/20
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17 नि0 विशेष सर्वेक्षण (प्रशिक्षण कोषांग) – 107 / 2019..10080 **पटना, दिनांक** 29-06-2020

प्रतिलिपि :– समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी, अररिया, अरवल, कटिहार, किशनगंज, खगड़िया, जमुई, जहानाबाद, नालंदा, पं0 चम्पारण, पूर्णियॉ, बांका, बेगूसराय, मधेपुरा, मुंगेर, लखीसराय, शिवहर, शेखपुरा, सहरसा, सीतामढ़ी एवं सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17 नि0 विशेष सर्वेक्षण (प्रशिक्षण कोषांग) – 107 / 2019.10080 **पटना, दिनांक** 29-06-2020

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित जिलों के अपर सहामहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी / सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मु0) को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17 नि0 विशेष सर्वेक्षण (प्रशिक्षण कोषांग) – 107 / 2019.10080 **पटना, दिनांक** 29-06-2020

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप